प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 06.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृषि को बताया भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़; कहा– केंद्रीय बजट से ग्रामीण और कृषि परिवर्तन को मिलेगी नई गति।
2. केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने महिला सशक्तिकरण की योजनाओं के क्रियान्वयन में झारखंड सरकार पर लगाया ढिलाई बरतने का आरोप, कहा– सरकार में संकल्प शक्ति की कमी।
3. कोल ब्लॉक सर्वे के दौरान ग्रामीणों और पुलिस में नोकझोंक; चार पुलिसकर्मियों समेत दर्जनों ग्रामीण घायल, हजारीबाग में अनियंत्रित वाहन की चपेट में आए कई लोग, दो की मौत।
4. गिरिडीह में आपसी विवाद के बाद एक युवक की मौत; तीन घायल, मंत्री सुदिव्य कुमार ने अस्पताल जाकर पूछा हालचाल, सख्त कार्रवाई का भरोसा।
5. राज्य में अगले कुछ घंटों में बदलेगा मौसम; शाम से बादल छाने के आसार, कोल्हान समेत पूर्वी हिस्सों में कल से बारिश का अलर्ट।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ और देश के दीर्घकालिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। बजट के बाद आयोजित वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए लगातार कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का केंद्रीय बजट कृषि और ग्रामीण परिवर्तन को और भी गति प्रदान करता है।

*********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक बयान में कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चल रही महिला सशक्तीकरण की योजनाओं का लाभ झारखंड की महिलाओं को सही ढंग से नहीं मिल पा रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने इसके लिए राज्य सरकार की नीतिगत अस्पष्टता और इच्छाशक्ति की कमी को जिम्मेदार बताया है।

*********************

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन और स्वास्थ्य क्षेत्र में वैश्विक सहयोग मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक, टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि भारत ने इसकी शीघ्र पहचान, रोकथाम और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक नीति अपनाई है।

*********************

असम में, वायु सेना का एक सुखोई–30 एम.के.आई लड़ाकू विमान नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में दोनों पायलट की मौत हो गई है। यह हादसा असम के कार्बी आंगलोंग जिले में हुआ, जो जोरहाट वायुसेना अड्डे से लगभग 60 किलोमीटर दूर है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर के असामयिक निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि भारत के दो वीर पराक्रमी सपूतों का निधन राष्ट्र की अपूरणीय क्षति है।

*********************

लातेहार के केमा गांव में तुबिद कोल ब्लॉक के ड्रोन सर्वे को लेकर बीती रात ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। इस संघर्ष में चार पुलिसकर्मियों सहित दर्जनों ग्रामीण घायल हुए हैं। दो गंभीर रूप से घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर किया गया है। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है।

*********************

हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के नापो खुर्द गांव में एक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने अनियंत्रित होकर कई लोगों को अपने चपेट में ले लिया, जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक ने भागने की कोशिश में गाड़ी एक घर से टकरा दी, जिससे वाहन पलट गया। इस हादसे में छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज हजारीबाग और रांची के अस्पतालों में चल रहा है।

*********************

गिरिडीह शहर के हुटी बाजार में बीती रात डीजे बजाने के विवाद में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

गई है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है। घटना की सूचना पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने रात में सदर अस्पताल जाकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

*********************

चतरा जिले के किसानों को अब आधुनिक खेती के गुर सीखने के लिए जिले से बाहर नहीं जाना होगा। राज्य सरकार ने यहां एक आधुनिक कृषि प्रशिक्षण भवन के निर्माण की योजना बनाई है, जिसके लिए दो एकड़ भूमि के चयन का सर्वे शुरू कर दिया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी गौतम कुमार ने बताया कि इस भवन के बनने से किसानों को एक ही छत के नीचे सभी तकनीकी प्रशिक्षण मिल सकेंगे, जिससे वे आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाएंगे।

*********************

सरायकेला नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज चौधरी द्वारा साप्ताहिक सब्जी मंडी को बिरसा मुंडा स्टेडियम परिसर में स्थानांतरित करने के मौखिक निर्देश का स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों ने कड़ा विरोध किया है। खेल प्रेमियों का कहना है कि खेल के मैदान का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए नहीं होना चाहिए।

अध्यक्ष मनोज चौधरी ने स्पष्ट किया कि विक्रेताओं को केवल स्टेडियम के बाहरी हिस्से में बैठाने की योजना थी और इसे लेकर अनावश्यक राजनीति की जा रही है।

*********************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज आधा प्रतिशत से अधिक की गिरवट दर्ज की गई। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक सेंसेक्स 523 अंक फिसलकर 79 हजार 492 जबकि निफ्टी 144 अंक की गिरावट के साथ 24 हजार 622 पर कारोबार कर रहा था।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 48 हजार 9 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 78 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

राज्य में अब से कुछ घंटे के बाद मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के अनुसार, आज शाम से ही राज्य के कई हिस्सों में बादल छाने की संभावना है। यह बदलाव आगामी 7 से 10 मार्च के बीच होने वाली संभावित बारिश और मेघ गर्जन का शुरुआती संकेत है। मौसम विभाग ने विशेष रूप से कोल्हान प्रमंडल और राज्य के अन्य पूर्वी हिस्सों में कल से बारिश का अलर्ट जारी किया है।

*********************

आज राज्य के सभी सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कक्षा 1 से 5 तक के बच्चे बोरा रेस, लंबी कूद और सुई–धागा जैसी पारंपरिक और एथलेटिक्स स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारना है।

**************